वैष्णव बैरागी समाज ने मनाई जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य महाराज की जयंती

चौमहला । गंगधार चौमहला क्षेत्र के समस्त वैष्णव बैरागी समाज द्वारा भक्ति आंदोलन के प्रणेता एवं समाज के आराध्य देव जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य महाराज की 726वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर स्थानीय श्री खाटू श्याम जी मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समाज के विद्वानों और गणमान्य नागरिकों ने महाराज के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने समाज में समानता और भक्ति का मार्ग प्रशस्त किया था।आयोजन में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ जन, युवा और महिलाएं सम्मिलित हुए। इस दौरान समाज की एकता और आने वाली पीढ़ी को धार्मिक संस्कारों से जोड़ने पर जोर दिया गया। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भगवान रामानंदाचार्य महाराज से सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम में श्याम बैरागी, महावीर दास बैरागी, मनोहर दास बैरागी,बद्री दास बैरागी, विनोद बैरागी ,भगवान दास ,संजय बैरागी, भगवान दास संजय बैरागी आदि के साथ बड़ी संख्या में समाज गण मान्य लोग तथा समाज की नारी शक्ति उपस्थिति रही ।

श्री माहेश्वरी संघ के चुनाव संपन्न, कार्यकारिणी घोषित,अरुण भदादा अध्यक्ष और श्याम मालू सचिव मनोनीत

मन्दसौर। श्री माहेश्वरी संघ मन्दसौर के निर्विरोध निर्वाचन के बाद सर्वानुमति से अरुण भदादा को अध्यक्ष और श्याम मालू को सचिव मनोनीत किया गया हैं। श्री माहेश्वरी संघ के 11 ट्रस्टी पदों के निर्वाचन उपरांत नवीन ट्रस्टीयों के एक महती बैठक गत दिनों हुई। बैठक में सर्वानुमति से नवीन कार्यकारिणी तय की गई। जिसमे अध्यक्ष भदादा व सचिव मालू के साथ ही कोषाध्यक्ष पद पर कृष्ण कुमार जाखेटिया, उपाध्यक्ष पद पर विजय पलोड व महेश काबरा, सह सचिव पद पर संजय मंडोवरा (चम्बल), शिक्षा प्रसार प्रमुख के रूप में वासुदेव सोमानी मनोनीत किये गए। नवीन कार्यसमिति में संरक्षक पद पर डॉ. मुकेश माहेश्वरी व पंकज चिचानी, संयोजक पद पर पत्रकारद्वय आशुतोष नवाल व राहुल सोनी तथा परामर्शदाता पद पर विजय चौधरी, पवन मालपानी व अभिषेक सूरजन मनोनीत किये गए।

पैथालॉजी लेब पर जांच की दर तय कर सूची चस्पा की जाए-ग्राहक पंचायत

मंदसौर । जिले कि जितनी भी पैथालॉजी लैब संचालित हो रही है। उनमें प्रायः देखने मे आया है कि जांच की दर वाली सूची कही भी सार्वजनिक रूप से नही लगी हुई है। विभिन्न पैथालॉजी लैब में जांच का शुल्क अलग अलग होता है। जबकि जांच तो वही होती है जो सब जगह होती है। साथ ही ग्राहकों को कुछ लैब संचालको द्वारा रसीद भी नही दी जाती है। इसको लेकर पूर्व में भी ग्राहक पंचायत ने इस्लाह को ज्ञापन सौपा था लेकिन इस्लाह ने ज्ञापन पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की। उसके बाद भी पैथालॉजी लैब के द्वारा मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है। इस प्रकार की समस्या ग्राहक पंचायत के संज्ञान में बीते कुछ दिनों से आरही थी जिसको लेकर आज ग्राहक पंचायत मंदसौर इकाई ने कलेक्टर कार्यालय पर चल रही जन सुनवाई में पहुंचकर स्स्द्ध शिवलाल शाक्य को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्हें पैथालॉजी लैब वाला विषय संज्ञान में लाया। उनसे अनुरोध किया कि उनकी तरफ से कीमत को लेकर इस्लाह से चर्चा कर पैथालॉजी लैब की जाँच की दर तय कर आदेश निकाला जाए और सूची सार्वजनिक रूप से पैथालॉजी लैब में बड़े अक्षरों में चस्पा की जाए। जिससे आम ग्राहक आसानी से पड़ सके। ज्ञापन देते समय ग्राहक पंचायत के प्रांत सह सचिव नवनीत शर्मा, जिला अध्यक्ष विजय कोठारी, जिला विधि आयाम प्रमुख उमराव सिंह जैन, सुनील ठाकुर, अश्विन सेन उपस्थित थे।

म.प्र.जन अभियान परिषद ने अभ्युदय पखवाड़ा मनाया

भानपुरा । मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड भानपुरा के सेक्टर संधारा में जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी एवं ब्लॉक समन्वयक मुकेश सोलंकी के मार्गदर्शन में आदर्श ग्राम औसारा के ग्राम पंचायत भवन में ग्रामोदय से अभ्युदय पखवाड़ा मनाया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच शिवलाल अहीर एवं समाजसेवी महावीर यादव की उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजन अर्चन के बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसमें परामर्शदाता शिवाजी बंबोरिया द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय के बारे में बताया गया कि समाज को समरसता के भाव से आगे बढ़ना और पर्यावरण बचाना नागरिक सेवा नशा मुक्त समाज और गौ संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई एवं नवांकुर संस्था अर्पण सेवा समिति के कार्यक्रम समन्वयक राजेश बैरागी ने आदर्श ग्राम की परिकल्पना बताई जिसमें स्वच्छ गांव विवाद मुक्त गांव शिक्षित गांव समरसता वाला समाज आदि के बारे में विस्तृत बताया तथा ग्रामोदय से अभ्युदय की शपथ दिलवाई गई कार्यक्रम में सी एम सी एल डी पी छात्रा कविता सुनीता तथा ग्रामीण जन और विद्यार्थी उपस्थित थे तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ओसारा के अध्यक्ष बालचंद मीणा ने आभार व्यक्त किया।

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर मंदसौर में सामूहिक गान, 20 से अधिक विद्यालयों के 1500 विद्यार्थी होंगे सहभागी

मंदसौर। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर में एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन किया जा रहा है। भारत विकास परिषद शाखा मंदसौर के तत्वावधान में 22 जनवरी 2026, गुरुवार को प्रातः 11:30 बजे नूतन स्टेडियम, मंदसौर में सम्पूर्ण वंदे मातरम् का सामूहिक गान आयोजित होगा। इस आयोजन में मंदसौर नगर के 20 से अधिक विद्यालयों के लगभग 1500 विद्यार्थी एक साथ मंच पर उपस्थित होकर वंदे मातरम् का सामूहिक गायन करेंगे। यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति होगा, बल्कि राष्ट्रप्रेम, एकता और भारतीय सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने का प्रयास भी रहेगा। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि वंदे मातरम् स्वतंत्रता संग्राम के दौरान राष्ट्रभक्ति का उद्घोष बना और आज भी यह गीत भारत की आत्मा, मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। विद्यार्थियों की सामूहिक सहभागिता के माध्यम से नई पीढ़ी में देशप्रेम और सांस्कृतिक मूल्यों का संचार करना इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। भारत विकास परिषद शाखा मंदसौर ने नगरवासियों से अपील की है कि वे सपरिवार उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साक्षी बनें और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करें। आयोजकों का मानना है कि यह सामूहिक गान मंदसौर के सांस्कृतिक इतिहास में एक स्मरणीय अध्याय के रूप में दर्ज होगा।

सरदार पटेल चौराहे से मंडी गेट तक बनेगी आदर्श रोड

गांधी चौराहा बनेगा पायलेट जंक्शन, जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

मंदसौर।

शहर के यातायात को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में प्रशासन ने बड़ी पहल की है। सरदार पटेल चौराहे से मंडी गेट तक के मार्ग को आदर्श रोड के रूप में विकसित किया जाएगा।

इस योजना के अंतर्गत गांधी चौराहे को पायलेट जंक्शन के रूप में तैयार किया जाएगा। साथ ही रोड मार्किंग, पार्किंग प्लेसमेंट एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट को लेकर भी विस्तृत निरीक्षण किया गया।

एमपीआरडीसी अधिकारी मानवेंद्र सिंह कनेश ने मीडिया को बताया कि आदर्श रोड परियोजना के तहत पूरे मार्ग को आकर्षक एवं सुंदर स्वरूप प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्ग से अतिक्रमण पूरी तरह हटा दिया गया है और अब शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

मंगलवार शाम एसडीएम, एडिशनल एसपी एवं एमपीआरडीसी अधिकारियों की अगुवाई में संयुक्त निरीक्षण दल ने पूरे मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान गांधी चौराहे को विशेष रूप से बेहतर विकसित करने को लेकर चर्चा की गई।

निरीक्षण दल ने गांधी चौराहे के समीप स्थित महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के आसपास विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित पार्किंग की संभावनाओं पर भी विचार किया।

प्रशासन द्वारा बताया गया कि आदर्श रोड निर्माण से पहले गत माह इस मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। अभियान के तहत सड़क के दोनों ओर मौजूद स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमणों को हटाकर मार्ग को पूरी तरह साफ किया गया, जिससे सड़क चौड़ी एवं सुगम हो सके।

एडिशनल एसपी टी.एस. बघेल ने बताया कि मार्ग से अतिक्रमण पूरी तरह हट चुका है और जल्द ही मॉडल रोड निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। टू-व्हीलर एवं फोर-व्हीलर पार्किंग हेतु अलग-अलग स्थान चिन्हित किए जा रहे हैं ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

इसके साथ ही घंटाघर क्षेत्र के पास आदर्श पार्किंग विकसित करने की योजना भी बनाई गई है, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। इससे शहर के व्यस्त इलाकों में पार्किंग समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

निरीक्षण के दौरान सीएसपी जितेंद्र भास्कर, कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर, एमपीआरडीसी अधिकारी मानवेंद्र सिंह कनेश सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान में वृक्षारोपण तथा प्रतिभावान छात्रों एवं सामाजिक कार्यकर्ता का सम्मान किया

नाहरगढ़(तुलसीराम राठौर)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सरकार के सफलतम 02 वर्ष पूरे होने पर पंचायत भवन डीगांव माली पर पर सेक्टर की नवांकुर संस्था प्रियदर्शिन सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृष्ण वल्लभ शास्त्री पशुपतिनाथ मंदिर, जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी, जनपद सदस्य जय सिंह चौहान , अर्चना रामावत मंचासिन रहे कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

पंडित श्री शास्त्री जी ने कहा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद 12 जनवरी से 26 जनवरी तक युवा दिवस मना रही है जिसमें जन अभियान परिषद द्वारा लोगों को धार्मिक एवं प्राचीन संस्कृति से युवाओं को जोड़ने का प्रयास कर रही है जिससे हम सभी युवाओं को इस अभियान में आगे आकर भाग लेना चाहिए ताकि हम अपने प्राचीन संस्कार ओर त्यौहार के बारे में अच्छे से जान सकें । कार्यक्रम का संचालन नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश सोलंकी ने किया इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष मान सिंह आंजना, वरिष्ठ सामाजिक कार्य कर्ता राम शर्मा, पंजक धाकड़, निलेश लोहार, शहजाद खान, मंजू भवसार , परामर्श दाता अनिल सुमन, सीएमसीएलडीपी छात्र सुयश गर्ग , पंचायत सचिव भैरूलाल परिहार, सहायक सचिव भगत राम प्रजापत ,

सेक्टर की प्रस्फुटन समिति से जसवंत आंजना, ओम पाटीदार, मुकेश पाटीदार ,शांतिलाल पाटीदार, लाला भाई अजमेरी, राम प्रसाद पाटीदार, राहुल टेलर, नवांकुर संस्था से रतनलाल चौहान, मीडिया से मंगल देव और कार्यक्रम में गांव के कई वरिष्ठ नागरिक एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे । आभार ओम पाटीदार ने माना ।

जनसुनवाई में अधिकारियों ने तत्पकरता से सुनी 53 आवेदकों की समस्याएं

मंदसौर । जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल एवं सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन ने 53 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो। लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए। कयामपुर निवासी दिलीप ने स्वार्थ के स्वा मित्व् की कृषि भूमि पर कब्जाी दिलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुदत किया। जिस पर एसडीएम सितामऊ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। नेतावली निवासी मुमताज ने आर्थिक सहायता के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर एसडीएम मंदसौर शहनर को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। मंदसौर निवासी रामकन्यास बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर सीएमओ नगर पालिका मंदसौर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में पशु ऋण दिलवाने, आर्थिक सहायता दिलवाने, सिमांकन करवाने, बिजली बिल प्रकरण का निराकरण करने, किसान सम्मारन निधि का लाभ दिलवाने, भावांतर योजना की राशि दिलवाने एवं राजस्वज अभिलेख में सुधार करने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

नाबालिग पुत्री के साथ कु-कृत्य करने वाला आरोपी सुवासरा पुलिस की गिरफ्त मे

मंदसौर। पुलिस अधीक्षक मन्दसौर श्री विनोद कुमार मीना द्वारा समस्त थाना प्रभारीयो को महिला संबंधी अपराधो मे फरार चल रहे आरोपीयो की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान के तहत फरार आरोपीयो की गिरफ्तारी करने हेतू निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ सुश्री हेमलता कुरील व अअपु सीतामऊ श्री दिनेश कुमार प्रजापति के निर्देशन मे थाना प्रभारी सुवासरा निरीक्षक अनिल रघुवंशी व गठित टीम द्वारा फरार चल रहे आरोपी बाललुाल पिता बगदुलाल बागरी निवासी बावड़ीखेड़ा थाना सुवासरा को गरोठ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की । पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया कि दिनांक 31.12.2025 को फरियादीया ने अपनी नाबालिग पुत्री उम्र 13 साल के साथ आरोपी बाललुाल पिता बगदुलाल बागरी निवासी बावड़ीखेड़ा के द्वारा बलात्कार करने व पिड़िता को जान से मारने की धमकी देने संबंधी रिपोर्ट थाना सुवासरा पर की थी । जिसकी रिपोर्ट पर से थाना सुवासरा पर आरोपी बाललुाल के विरूद्ध अपराध क्रमांक 383/25 धारा 64(2)त्न,65(1),351(3) बी एन एस व 3/4 , 5N/6 पॉक्सो एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । दौराने विवेचना प्रकरण मे आरोपी बाललुाल बागरी की काफी तलाश की गई। पश्चात दिनांक 19.01.2026 को विश्वसनीय मूखबिर सूचना के आधार पर निरीक्षक अनिल रघुवंशी थाना प्रभारी सुवासरा व गठित टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुऐ फरार चल रहे आरोपी बाललुाल पिता बगदुलाल बागरी उम्र 36 साल निवासी बावड़ीखेड़ा थाना सुवासरा को थाना क्षेत्र गरोठ से गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की व आरोपी बाललुाल बागरी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । आरोपी को गिरफ्तार करने मे निरीक्षक अनिल रघुवंशी थाना प्रभारी सुवासरा , सउनि गेन्दाल पलासिया , प्रआर सुमित यादव , प्रआर सुरेन्द्र चौधरी , आरक्षक मनीष धाकड़ का विशेष योगदान रहा ।

बाल विवाह कानूनी अपराध है : कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग

मंदसौर । कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने जिले के समस्त वैवाहिक कार्यक्रम से जुड़े सेवा प्रदाताओं को निर्देशित किया है कि भारत सरकार द्वारा लागू बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। अधिनियम का उद्देश्य बाल विवाह को पूर्णतः प्रतिबंधित करना तथा बालक एवं बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा करना है। अधिनियम के अनुसार विवाह के लिए लड़के की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। निर्धारित आयु से कम आयु में किया गया कोई भी विवाह दंडनीय अपराध है। बाल विवाह में संलग्न व्यक्ति, संस्था, प्रतिष्ठान, व्यवसायी अथवा सेवा प्रदाता के विरुद्ध दो वर्ष तक का कठोर कारावास या एक लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों की सजा का प्रावधान है।

पिपल्दा में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव सम्पन्न

भानपुरा । ग्राम पीपल्दा - सुजानपुरा में 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव अन्नपूर्णा मंदिर मनासा के मुख्य पुजारी पंडित घनश्याम जोशी के श्री मुख से कही गई। कथा के आयोजन में समस्त ग्रामवासियों का तन मन धन से व श्रद्धापूर्वक सहयोग प्राप्त हुआ। यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं रहा वरन यहां स्थित गौशाला में अनेक सुविधाजनक सेवाओं की व्यवस्था व भैंट के संकल्प के साथ श्री मद्भागवत गीता के धार्मिक लाभ के साथ कथा की पूर्णाहुति हुई। इस भव्य पावन आयोजन के मुख्य उद्देश्य अनुसार गौशाला में निवासरत गौमाताओं के संरक्षण हेतु घांस व रख-रखाव की आवश्यकताओं की पूर्ति करने की द्रष्टि से था, जिसमें 120 ट्राली घांस, 21 हजार रुपए व गायों के घांस को सुविधाजनक बनाने हेतु ग्रामवासियों ने चारा कुट्टी मशीन गौशाला को प्रदान की गई। प्रसिद्ध भजन गायक नीरज कुमार शास्त्री व गौशाला संचालक विजय शर्मा ने ग्रामवासियों के सहयोग पर आभार जताया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ गरोठ जनपद अध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान सहित अनेक गणमान्य जनों व अनेक ग्राम वासियों ने कथा श्रवण का लाभ लिया।

उम्मीद है कृषि उपज मंडी में व्यवस्था का अनुशासन अब बना रहेगा : पूर्व विधायक सिसोदिया

मंदसौर। उज्जैन संभाग की सबसे बड़ी कहीं जाने वाली कृषि उपज मंडी मंदसौर में छोटे से विवाद के कारण अनिश्चितकालीन मंडी बंद का निर्णय किसी के गले नहीं उतर रहा था, छोटी छोटी सी बातों पर मंडी का व्यापार व्यवसाय बंद होना किसी एक वर्ग के लिए नहीं बल्कि व्यापारी, किसान, हम्माल, तुलावटी और मंदसौर शहर के व्यापार व्यवसाय पर भी असर डालता है।

पूर्व विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता श्री यशपाल सिंह सिसोदिया ने उम्मीद जताई है कि कृषि उपज मंडी मंदसौर में व्यवस्था का अनुशासन अब बना रहेगा, कृषि मंडी परिसर में सन्नाटा सिर्फ मंडी परिसर में नहीं, बल्कि मंदसौर शहर के व्यापार व्यवसाय एवं कारोबार पर भी पड़ता है, व्यवस्थाओं में कमी या अव्यवस्था के दौर में वाद विवाद का निपटारा सामंजस्य, समन्वय और संवाद के साथ होना चाहिए।

श्री सिसोदिया ने बताया कि मंडी कोई अखाड़ा नहीं है किसान विश्वास, व्यवस्था और भरोसे के चलते मंडी में अपनी जींस लेकर आते हैं, चार चार दिन तक लंबी कतार में लगकर वह अपनी उपज को बिकवाने में भारी जतन और परेशानी का सामना करता है, यह चिंतन और चिंता का विषय है कि जावरा, दलोदा, पिपलिया मंडी, नीमच, सीतामऊ, शामगढ़, सुवासरा जैसी आसपास की मंडियों में जितना धरना प्रदर्शन, बंद, वाद और विवाद नहीं होता है उतना मंदसौर मंडी में ही क्यों? बड़ी मंडी में छोटी - छोटी अव्यवस्था क्यों कारण बन रही है, इसमें सुधार की जरूरत है।

आदर्श मंडी से अव्यवस्था तक का सफर बना चिंता का विषय- मुरड़िया

मंदसौर।

मंदसौर कृषि उपज मंडी, जो कभी अपनी व्यवस्थाओं और अनुशासन के लिए दूर-दूर तक पहचानी जाती थी, बीते चार-पाँच वर्षों में लगातार अव्यवस्थाओं के कारण चर्चा का विषय बनी रही है।

मंडी की सड़कों की बदहाली, श्री कोल्ड चौराहा से मंडी तक की अव्यवस्थित आवाजाही, नकली पर्ची और बारदाना एडजस्टमेंट जैसे गंभीर मामले, किसानों से जबरन टेका लगवाने, ठेले में धक्के दिलाने, व्यापारियों व किसानों की चोरी, गुंडागर्दी-दादागिरी, सीसीटीवी कैमरों का बंद रहना, व्यापारियों से बदतमीजी, कम तौल और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे समय-समय पर सामने आते रहे हैं।

उच्च नेतृत्व की संवेदनशीलता से समाधान की पहल

संजय मुरड़िया का कहना है कि उन्हें इस बात का गर्व है कि उच्च नेतृत्व ने उनकी बातों को सुना और जनप्रतिनिधियों, प्रशासन तथा मंडी प्रबंधन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर आदर्श मंडी की साख बनाए रखने की दिशा में ठोस पहल की। इससे यह स्पष्ट हुआ कि यदि तथ्यपरक ढंग से बात रखी जाए तो समाधान संभव है, यही नहीं श्री मुरड़िया ने कहा कि मंडी के अन्य सुधारों को लेकर भी वे सतत क्रियाशील होकर गंभीरता से काम करते रहेंगे ।

समय-समय पर जिम्मेदारों को कराया अवगत

इन सभी विषयों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला विकास समिति के सदस्य संजय मुरड़िया द्वारा लगातार संबंधित अधिकारियों, प्रशासनिक अमले तथा मध्यप्रदेश के उच्च नेतृत्व को अवगत कराया जाता रहा। मौजूदा हालातों में भी वास्तविक स्थिति से उच्च नेतृत्व को अवगत कराया गया, जिस पर उन्होंने गंभीरता दिखाते हुए मंदसौर जिले से फीडबैक लिया और समस्याओं के निराकरण की दिशा में प्रयास किए।